जी न सकोगे राम नाम के बिना,

मर ना सकोगे राम नाम के बिना,

सांसो में बसा लो श्री राम को सदा,

दिल में समा लो हनुमान की तरह,

कर ना पाओगे कोई काम भी भला,

जपोगे नहीं जो हनुमान की तरह ।।

रह ना पाएगा तू राम से जुदा,

जप लेना तू प्रभु राम को सदा,

करेगा जो सेवा हनुमान की तरह,

बिगड़े बनेंगे तेरे काम भी सदा,

जी न सकोगें राम नाम के बिना,

मर ना सकोगे राम नाम के बिना ।

माला जो जपेगा श्री राम की सदा,

भक्ति करेगा हनुमान की तरह,

राम तेरे कितने नाम तो बता,

कहते है राम नाम राम से बड़ा,

जी न सकोगें राम नाम के बिना,

मर ना सकोगे राम नाम के बिना ।

अयोध्या के राजा श्री राम है सदा,

चरणों में इनके तू शीश झुका,

मानता है जिनको सारा ही जहां,

दिल में बसा लो श्री राम को सदा,

जी न सकोगें राम नाम के बिना,

मर ना सकोगे राम नाम के बिना ।

जी न सकोगे राम नाम के बिना,

मर ना सकोगे राम नाम के बिना,

सांसो में बसा लो श्री राम को सदा,

दिल में समा लो हनुमान की तरह,

कर ना पाओगे कोई काम भी भला,

जपोगे नहीं जो हनुमान की तरह ।